वर्ष-15, अंक-69
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया


**आज का विचार**
बदला लेने की नहीं बदलाव लाने की सोच रखिए..!

# बिहार सिटी चीफ




सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार
CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM
बिहार, शुक्रवार, 14 जून 2024


### अब कितना दिन लगेगा हुजूर?

# 7 साल बाद भी नहीं मिला बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
मोतिहारी, सात साल बाद भी बाढ़ पीड़ितों को बिहार सरकार मुआवजा नहीं दे पाई है। वर्ष 2017 और 2020 में आए बाढ़ से प्रभावित दर्जनों पीड़ित परिवार मुआवजे की मांग को लेकर सरकारी कार्यालय पहुंच गये। जहां बीडीओ और सीओ को आवेदन सौंपा और मुआवजे की मांग की। बाढ़ पीड़ित सरकारी बाबू से सवाल कर रहे हैं कि अब कितना दिन लगेगा हुजूर?
बता दें कि मोतिहारी के सुगौली पंचायत उतरीं छपरा बहास गांव के भवानीपुर में वर्ष 2017 और 2020 में आई प्रलयंकारी बाढ़ से दलित, मुस्लिम और धोबी समाज के दर्जनों लोगों की जमीन और घर बाढ़ के कटाव के कारण नदी में बह गए। जिसके कारण पीड़ित परिवार बेघर हो गये। बाढ़ में बेघर हुए पीड़ित परिवारों को हुए नुकसान का मुआवजा तक नहीं दिया गया। पिछले 7 साल से ये लोग मुआवजे की मांग को लेकर सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाते रहे। अब ये लोग दौड़ते-दौड़ते पूरी तरह से थक चुके हैं और सरकारी बाबूओं से पूछ रहे हैं कि हुजूर मुआवजा मिलने में अब कितना दिन लगेगा? क्योंकि इस मामले में न तो विभाग की ओर से और न ही सरकार की ओर से कोई पहल की गयी है। अभी भी किसी तरह पीड़ित परिवार बांध पर रहकर अपना गुजर बसर करने को मजबूर हैं।
वहीं भाकपा माले नेता भोला साह के नेतृत्व में बेघर हुए परिवार जमीन और घर को लेकर बीडीओ एवं सीओ को आवेदन देने पहुंचे थे। बाढ़ से बेघर पीड़ितों ने कहा कि जल्द ही हम लोगों के रहने के लिए जमीन और घर दिया जाए। जिससे हमलोगों का परिवार वहां रह सके। वहीं बाढ़ से बेघर परिवार ने कहा कि हमलोगों की बातें यदि अब भी नहीं सुनी गयी तो हम पूरे परिवार के साथ हम प्रखंड मुख्यालय जाएंगे और वही अपना आशियाना बनाएंगे। पीड़ितों ने कहा कि हमलोगों ने विभाग को कई बार लिखित आवेदन दिया है लेकिन आज तक उसकर कोई सुनवाई नहीं हुई। हमलोगों को मरने के लिए छोड़ दिया गया है। हमलोग दाने-दाने को मोहताज हो चुके हैं। विभाग के लोग आते हैं और आश्वासन देकर फोटो खिंचवाकर चले जाते हैं। लेकिन कुछ करते नहीं हैं। हमें पिछले सात साल से विभाग और सरकार धोखे में रखी हुई है। लेकिन अब हम लोग धोखे में रहने वाले नहीं हैं। यदि हमारी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन करने को हम बाध्य हो जाएंगे।

# कटिहार में छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर हुआ हमला

### आरोपी को पुलिस की कस्टडी से छुड़ाकर ले भागे ग्रामीण

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
कटिहार, ताजा मामला कटिहार से सामने आया है, जहां छापेमारी करने गई पुलिस टीम को लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा, ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया और आरोपी को पुलिस की कस्टडी से छुड़ाकर ले भागे, घटना नगर थाना क्षेत्र के हरीगंज कोरैया पट्टी की है।
बताया गया है कि नगर थाना की पुलिस के साथ उस वक्त हाथापाई की गई जब पुलिस टीम छापेमारी करने के लिए हरीगंज कोरैया पट्टी गई थी !
छापेमारी के दौरान एक महिला को गिरफ्तार करने पर लोग आक्रोशित हो गए और महिला को छुड़ाने के लिए पुलिस वैन को घेर लिया और पुलिस जवानों के साथ हाथपाई करने लगे ! मोहल्ले की महिलाओं ने हंगामा करते हुए आरोपी महिला को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ा लिया और वहां से फरार हो गईं !



### बिहार में अपराधियों का तांडव

# रेप के बाद युवती की हत्या, इलाके में सनसनी

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
बेगुसराई, बिहार में अपराधी इतने बेलगाम हो गये है कि एक के बाद एक अपराध की वारदात को बेखौफ अंजाम दे रहे हैं। इस वक्त की बड़ी खबर बिहार के बेगूसराय जिले से आ रही है जहां रेप के बाद एक युवती की हत्या किये जाने से इलाके में सनसनी फैल गयी है।
बेगूसराय में अर्धनग्न अवस्था में एक लड़की का शव गंडक नदी किनारे मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर स्थित बूढ़ी गंडक नदी के पास की है। बताया जाता है कि मुफ्फसिल थाने की पुलिस को शाम 5ः00 बजे सूचना मिली कि गंडक नदी के किनारे एक युवती की लाश पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर मुफ्फसिल थाने की पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका की उम्र 18 वर्ष बतायी जा रही है।
बताया जा रहा है लड़की ब्लैक रंग का टी-शर्ट पहनी हुई है और अर्धनग्न अवस्था में है।



स्थानीय लोगों के मुताबिक बदमाशों ने लड़की को दरिंदगी के बाद मारकर गंडक नदी किनारे फेंक दिया है। शव को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि लड़की के साथ दरिंदों ने हैवानियत की सारी हद पार कर दी है। रेप के बाद हत्या कर गंडक नदी के किनारे फेंक दिया है। मृतका की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस शव को पहचान कराने में जुटी है। आखिर ये लड़की कहां की है और कौन है? और इसकी मौत कैसे हुई है? हालांकि पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की लड़की के साथ दरिंदगी हुई है या नहीं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

# लव, सेक्स और धोखाः पहले प्यार के जाल में फंसाया फिर करने लगा गंदा काम

### ब्लैकमेल करने लगा बॉयफ्रेंड तो लड़की ने उठा लिया खौफनाक कदम

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
कटिहार, कटिहार से लव, सेक्स और धोखा का मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने पहले युवती को अपने झूठे प्यार के जाल में फंसाया और बाद में उसका यौन शोषण करने लगा। इस दौरान आरोपी ने लड़की का अश्लील वीडियो बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देने लगा। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर युवती ने खौफनाक कदम उठा लिया। दरअसल, पूरा मामला बलरामपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है, जहां एक 18 वर्षीय युवती ने प्रेमी के ब्लैकमेल से तंग होकर अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि पिछले दो साल से लड़की गांव से कुछ दूरी पर स्थित शिक्षक कुंदन कुमार के कोचिंग में पढ़ने जाया करती थी। इस दौरान शिक्षक के बड़े भाई टुनटुन यादव ने लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसा कर उसका यौन शोषण किया। इस दौरान टुनटुन ने अश्लील फोटो और वीडियो भी बनाया। बाद में जब युवती को समझ आया कि उसका प्रेमी ठीक नहीं है तो उससे वह अलग हो गई लेकिन प्रेमी टुनटुन यादव को यह बात नागवार गुजरी। टुनटुन ने युवती को अश्लील वीडियो और फोटो भेज कर ब्लैकमेल करने लगा। परेशान होकर युवती ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद युवती के माता-पिता आरोपी के घर पहुंचे और इसकी शिकायत की। इस बात से नाराज होकर आरोपी ने युवती का अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसके बाद युवती ने आहत होकर अपनी जान दे दी। इस घटना के बाद आरोपी टुनटुन यादव घर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। परिजनों का बयान दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।



### बकरीद पर्व कुर्बानी और त्याग के रूप में हर साल मनाया जाता है

# बकरीद पर्व 17 जुन को, बकरे की दाम आसमान पर

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
शिवहर, शिवहर मुस्लिम समुदाय के प्रमुख त्योहारों में से एक बकरीद पर्व ईद उल- अजहा का त्योहार 17 जून 2024 को मनाया जाएगा। यह पर्व कुर्बानी और त्याग के रूप में हर साल तीन दिन मनाया जाता है इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार हाल-साल आखिरी माह जू-अल- हज्हा में बकरीद का त्यौहार मनाया जाता है। इस दिन हलाल जानवर की कुर्बानी दी जाती है।
बकरीद पर्व को लेकर बाजारों में बकरा पालने वालों की बल्ले ही बल्ले है। कुर्बानी की बकरा को लेकर लोग भटक रहे हैं, 18000 ,20000, 25000 रुपए का बकरा बाजार में बमुश्किल मिल रहा है।
शहर के पेट्रोल पंप स्थित अलीनगर के मोहम्मद जफरुल्लाह, मोहम्मद नजीर, मोहम्मद सरफराज ,मोहम्मद महम्मूद,मोहम्मद इस्लाम ने बताया है कि बकरीद की कुर्बानी को लेकर हम लोग महंगाई को देखते हुए शुरू से ही कुर्बानी के लिए बकरा पालते हैं। कुर्बानी के बकरे बाजार में उपलब्ध तो है पर उसके दाम आसमान पर है।
इस्लामी मान्यताओं के अनुसार जब पैगंबर इब्राहिम अपने बेटे इस्माइल को कुर्बान करने वाले थे, तब परमेश्वर ने जिब्राइल नाम के फरिश्ते को आदेश दिया कि वह स्वर्ग से एक भेड़ ले जाकर इस्माइल की जगह रख दे इस तरह पैगंबर इब्राहिम ने अपने बेटे की जगह भेड़ की कुर्बानी कर दी और यह प्रथा यही से शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि पैगंबर इब्राहिम की अपने प्यारे बेटे की कुर्बानी देने की इच्छा का प्रतीक है यह पर्व और प्रतिकूल परिस्थितियों में निस्वार्थता और आज्ञाकारिता के महत्व को याद दिलाता है बकरीद का पर्व।



# व्यवसायी को गोली मार 3 लाख की लूट मामले का पुलिस ने किया खुलासा

### घटना में शामिल दो अपराधियों गिरफ्तार

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
मोतिहारी, बीते मंगलवार की शाम घोड़ासहन के व्यवसायी को गोली मार 3 लाख की लूट मामले का पुलिस ने घटना में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार कर घटना का किया उद्भेदन।



गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा व दो गोली के साथ घटना में प्रत्युक्त दो बाइक व दो मोबाइल भी किया बरामद। घटना में शामिल अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही हैं छापेमारी।

### बिहार में तापमान पहुंचा 48°C के पास

# बारिश के लिए करना होगा अभी इंतजार इन जिलों में रेड अलर्ट

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
पटना, राजधानी पटना सहित आस पास के जिले इन दिनों गर्मी से झुलस रहे हैं. आजकल गर्मी भी चरम पर है और हीट वेव भी. इस झुलसती गर्मी से सबसे ज्यादा प्रभावित दक्षिण बिहार के जिले हैं. दक्षिण पश्चिम हिस्सों के जिलों में तो पिछले कई दिनों से रेड अलर्ट घोषित है. आलम यह है कि दोपहर के समय घर से बाहर निकलना मौत को दावत देने के बराबर है.
इसीलिए मौसम विज्ञान केन्द्र ने भी चेतावनी जारी करते हुए कहा कि संभव हो तो 12 बजे से 3 बजे के बीच घर से बाहर बिल्कुल भी ना निकलें. आज भी बिहार के लोगों को प्रचंड गर्मी का सामना करना पड़ेगा. पटना स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एसके पटेल के अनुसार इस जानलेवा गर्मी से राहत 16 जून से मिलनी शुरु हो जायेगी.

**मौसम के मिजाज को समझिए**
वैज्ञानिक एसके पटेल बताते हैं कि विगत 7 जून से दक्षिण बिहार में शुष्क उत्तर पश्चिम हवा का प्रवाह जारी है. शुष्क (स्रह्म4) हवा सतह से कुछ ऊंचाई पर चलती है और वायुमंडल को साफ करती है. जब वायुमंडल साफ होता है तब धूप पूरी क्षमता के साथ धरती पर प्रहार करती है यानी बिना किसी रुकावट के सूर्य की किरणें धरती पर पहुंचती है. इस वजह से तापमान तेजी से बढ़ता है.
यही कारण है कि पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और हीट वेव का अटैक जारी है. साथ ही रेड अलर्ट जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है. यह स्थिति अभी 48 घंटों तक बनी रहेगी. उसके बाद मौसम में बदलाव होने की प्रबल संभावना है.

**अपने जिले का हाल जान लिजिए**
वैज्ञानिकों का मानना है कि 15 जून के बाद बिहार में मॉनसून की एंट्री हो सकती है. उधर, एक टर्फ रेखा की वजह से बिहार के सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, और सहरसा जिलों के लोगों को गर्मी से राहत नसीब हो रही है. इन जिलों में बारिश जैसी स्थिति देखने को मिल रही है. आने वाले दिनों में मधुबनी, दरभंगा, मुज़फ्फरपुर, सीतामढ़ी, भागलपुर तक बादल नजर आएंगे. 16 जून तक यह बादल बिहार के अधिकांश जिलों में छा सकते हैं. नतीजन बारिश होगी और तापमान में कमी आयेगी.
आज यानी 14 जून को बिहार के बक्सर, रोहतास, भभुआ और औरंगाबाद में भयंकर लू चलने की संभावना है साथ ही गर्मी भी अपने चरम पर रहेगी. इस वजह से रेड अलर्ट घोषित है.
आज इन जिलों का तापमान 42एष्ट से 44एष्ट के बीच रहने की संभावना है.



सीवान, सारण, वैशाली, पटना, भोजपुर, अरवल, जहानाबाद, नालंदा, नवादा और गया में भीषण लू चलने की संभावना है. इसीलिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. शेष सभी जिलों में उमस वाली गर्मी सताएगी. कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है और आसमान में बादल दिख सकते हैं.
कैसा रहा 13 जून
13 जून बिहार के लिए अत्यंत गर्म रहा. 18 जिलों में हीट वेव और 18 जिलों का अधिकतम तापमान 40एष्ट से अधिक दर्ज किया गया. गया, बक्सर, भोजपुर, वैशाली, औरंगाबाद, नवादा, राजगीर, जिरादेई और अरवल में भीषण लू वहीं पटना, छपरा, डेहरी, मुंगेर, बिक्रमगंज, जमुई, गोपालगंज, शेखपुरा और मोतीहारी में लू दर्ज किया गया.
टॉप 5 गर्म जिले
13 जून को बिहार का सर्वाधिक अधिकतम तापमान बक्सर में 47.2एष्ट दर्ज किया गया. इसके अलावा भोजपुर में 46.3एष्ट, अरवल में 46एष्ट, औरंगाबाद में 45.8एष्ट, गया में 45.7एष्ट और वैशाली में 45.6एष्ट दर्ज किया गया. आज भी बिहार का अधिकतम तापमान 45एष्ट के आस पास ही रहने की संभावना है.